
# करंट से घायल गार्ड को नहीं मिली सहायता

**33 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था सिक्योरिटी गार्ड घायल के पिता ने कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप**



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मार्च।** जिला मुख्यालय पर नल- जल योजना का कार्य करा रही इटावा रोड स्थित एक कंपनी के गोदाम में 33 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट आने से गंभीर रूप से घायल एक सिक्यूरिटी गार्ड को कंपनी द्वारा समुचित सहायता दिए जाने में हाथ खींच लिए हैं। इसके लिए इलाजरत सिक्यूरिटी गार्ड के पिता द्वारा कंपनी के अधिकारियों के साथ ही शासन- प्रशासन के अधिकारियों से गुहार की जा रही है। इसके बाद भी पांच माह बाद अपेक्षित सहायता उपलब्ध नहीं हो सकी है। घायल के पिता का आरोप है कि कंपनी द्वारा उसके घायल बेटे के इलाज के सहायता उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

बता दें शहर में इटावा रोड पर महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी के पीछे एक कंपनी का गोदाम है। जहां टेरियर सिक्यूरिटी सर्विस प्राइवेट लिमटेड के माध्यम से तैनात सिक्यूरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत 38 वर्षीय राय सिंह नरवरिया को 33 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन से करंट लग गया था। घटना के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। इसके बाद बाद उसकी गंभीर हालत के मद्देनजर उसे दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। जहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है। घायल रायसिंह के पिता लाखन सिंह निवासी पिडौरा ने बताया कि कंपनी परिसर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन सुरक्षा मानकों के अनुरूप ऊंचाई पर नहीं थी जिससे यह बड़ा हादसा हुआ। घटना के बाद घायल की हालत लगातार गंभीर बनी रही और अब उसका इलाज एम्स अस्पताल दिल्ली में चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले में जांच कर कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि यदि कंपनी प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो यह गंभीर हादसा टाला जा सकता था। इस घटना ने कार्यस्थल पर मजदूरों और कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन और पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और पीड़ित परिवार को न्याय कब तक मिल पाता है।

### नव संवत्सर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम आज

**भिंड।** भारतीय सनातन संस्कृति के नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गोहद द्वारा एक भव्य नव संवत्सर एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के पावन दिन 19 मार्च 2026 (गुरुवार) को प्रात: 5.30 बजे से 7.00 बजे तक हटीले हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित होगा।

सचेन्द्र कांकर ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुजन भगवान सूर्यदेव की विधि- विधान से पूजा- अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना करेंगे तथा नववर्ष का स्वागत मंगलकामनाओं के साथ किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना है।

# कलेक्टर ने रौन में भ्रमण कर सफाई एवं पानी निकासी व्यवस्था का लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मार्च।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने आज नगर परिषद रौन का औचक भ्रमण कर सफाई व्यवस्था व नाली- नालों की पानी निकासी का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि पानी की पाइप लाइन बिछाने से खोदी गई सड़कों का शीघ्र रेस्टोरेशन सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही जहां- जहां लाइन बिछाई गई है वहां स्पष्ट मार्किंग करवाएं ताकि भविष्य में रखरखाव आसान हो। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत, नगर परिषद के सीएमओ व स्टाफ के साथ पैदल भ्रमण किया। मुख्य बाजार व वार्डों में नालियों की सफाई की स्थिति देखी। कई जगहों पर जलभराव व कचरा जमा होने पर सफाई कराने निर्देश दिए।

# विक्रम संवत्सर वर्ष प्रतिपदा पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**कार्यक्रम निराला रंग बिहार में सुबह 10 बजे से होगा**

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मार्च।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय वल्लभ भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार भिंड जिले में 19 मार्च को विक्रमोत्सव 2026 वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम स्थान निराला रंग बिहार बीएसएनएल भवन के पास में प्रात: समय 10:00 बजे से आयोजित किया जायेगा।

उक्त आयोजन महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा विक्रमोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का मंचन किया जायेगा। इसके साथ ही संस्कृति विभाग के द्वारा सूर्य उपासना, नाटकों की प्रस्तुति तथा प्रमुख मंदिरों एवं अन्य स्थलों पर ब्रह्म ध्वज की स्थापना की जावेगी। जिले के नागरिक विक्रमोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी सहभागिता कर सकेंगे।

### फूप थाना क्षेत्र के धर्मकांटों पर अवैध रेत भंडारण जब्त

**भिंड।** फूप थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंवारी पुल के पास स्थित वैष्णवी धर्मकांटा सहित कई धर्मकांटों पर अवैध रेत भंडारण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां वाहनों से रेत उतारकर उसका अवैध भंडारण किया जा रहा था और बाद में बिक्री भी की जा रही थी। सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने फूप थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मकांटों पर कार्रवाई की जहां अवैध रेत भंडारण पाया गया। कार्रवाई के दौरान विभाग ने मौके से रेत भंडारण जब्त किया तथा एक लोडर को भी जब्त कर लिया।

# सकारात्मक बदलाव की वाहक हैं प्रस्फुटन समितियां : शर्मा

**प्रस्फुटन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मार्च।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की गठित नवांकुर संस्था स्वावलंबन समाज कल्याण समिति द्वारा ब्लॉक मेहगांव के सेक्टर क्रमांक 4 दंदरौआ की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक समन्वय जयप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को समिति संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पनाए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा, संस्थाओं के गठन एवं प्रबंधन तथा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण समिति के कार्यों, संस्कार केंद्र, सूचना केंद्र, नवांकुर नर्सरी, लेखा- जोखा एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में अतिथि अतिथि के रूप में समाजसेवी अमित दांतरे, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधार राठौर एवं ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में अतिथियों ने भारतमाता के छाया चित्र के समक्ष पूजा- अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। ब्लॉक समन्वयक शर्मा द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकए सामूहिक और स्वावलंबी गति विधियो पर मार्गदर्शन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि समाज और शासन के बीच नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियां एक सेतु के रूप में कार्य कर रही हैं। हमें नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। अमित दांतरे ने कहा किसी भी कार्य की सफलता के लिए समर्पण और सही दिशा अत्यंत आवश्यक होती है। यदि समिति के सभी सदस्य एकजुट होकर सही तरीके से क्रियान्वयन करेंए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

सुधा राठौर ने कहा विकास केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए जनभागीदारी अनिवार्य है। जब गांव का प्रत्येक व्यक्ति विकास की प्रक्रिया में भाग लेता हैए तभी वास्तविक परिवर्तन आता है।

# सरकार का उद्देश्य आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना व समस्याओं का समाधान करना



**संकल्प से समाधान अभियान के तहत रौन में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 18 मार्च।** शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान 2026 के अंतर्गत आज नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत रौन स्थित शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल के परिसर में ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, लहार एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। शिविर के दौरान नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं अधिकारियों ने आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुना। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गयाए जबकि अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा दर्ज कर उनके शीघ्र निराकरण के लिए कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न विभाग अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।मंत्री ने नागरिकों को संबोधित कर कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से शासन- प्रशासन सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### बैठक में हुआ अनुमोदन

**ग्वालियर 18 मार्च।** अप्रैल माह से शुरू होने जा रहे अगले वित्तीय वर्ष (2026-27) के लिये विभिन्न बैंकों के समन्वय से 13,852.44 करोड़ रुपए की जिले की संभावित ऋण योजना तैयार की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में इस ऋण योजना का अनुमोदन किया गया।

# मुख्यमंत्री ने किया लोहिया का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,18मार्च।** न्यूजीलैंड के कुक स्ट्रेट तैराकी 24 किलोमीटर में सफलता से पार करने वाले पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। बता दें लोहिया जिले के ग्राम गाता के निवासी हैं और वॉटर स्पोर्टस में खासी महारत हांसिल है। उन्होंने पिछले सालों से कई उपलब्धियां हांसिल की हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला एवं भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, मौ नगर पंचायत अध्यक्ष सज्जन यादव सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह हम सभी भिंडवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे क्षेत्र के गौरव को इस प्रकार सम्मान और प्रोत्साहन शासन से प्राप्त हो रहा है।

# द संस्कार स्कूल में कठपुतली नृत्य' की सांस्कृतिक प्रस्तुति

**ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन हुआ**



**नवभारत न्यूज**

**गोहद,18मार्च।** संस्कारमय वातावरण में आज द संस्कार स्कूल परिसर में ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं पारंपरिक कठपुतली नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्याम किशोर भारद्वाज (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि के रूप में चयन सिंह किरार (हेड, SRF फाउंडेशन) एवं अतिथि सुनील जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान नन्हें विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों की मुस्कान और आत्मविश्वास ने अभिभावकों को भावुक कर दिया। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पारितोषिक प्रदान किए गए, जिससे छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली। इसके पश्चात आयोजित कठपुतली नृत्य कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत सांस्कृतिक झलकियों ने बच्चों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उन्हें अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति से भी परिचित कराया। आज के डिजिटल युग में यह प्रस्तुति बच्चों के लिए एक अनूठा एवं यादगार अनुभव रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन बच्चों के लिए सीख, संस्कृति और उत्साह का एक सुंदर संगम साबित हुआ।

### घर में रखे अवैध 8 एलपीजी सिलेंडर जब्त

**ग्वालियर 18 मार्च।** एलपीजी (रसोई गैस) का अनाधिकृत भण्डारण व रीफिलिंग रोकने एवं रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति के लिये राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न गैस एजेंसियों व संदिग्ध स्थलों पर गैस के अवैध भण्डारण का निरीक्षण किया। इस दौरान समर्थ नगर पिंटो पार्क स्थित अमित उपाध्याय के घर पर अवैध रूप से भण्डारित 8 एलपीजी सिलेंडर खाद्य विभाग की टीम ने जब्त किए हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब्त किए गए सिलेंडर घिरोंगी इण्डेन गैस एजेंसी को सुपुर्द किए गए हैं।

# एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षित और प्रभावी टीका : कामना सिंह

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**




**नवभारत न्यूज**

**भिंड,18मार्च।** जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संचालित जिला ई- वेक्सीन स्टोर से एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर आमजन को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपनी बच्ची को एचपीवी वैक्सीन लगवाई है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह एक सुरक्षित और प्रभावी टीका हैए जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं और अपनी 14 से 15 वर्ष तक की बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएन राजौरिया, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरएन राजौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरों को फंसाने खुद को मारी थी गोली, मोबाइल ने खोला राज

**पुलिस ने किया पूरी साजिश का पर्दाफाश, घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा, खाली खोखा व 2 जिंदा राउंड बरामद**



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,18मार्च।** क्राइम हमेशा परफेक्ट नहीं होता और अपराधी कोई न कोई गलती करता जरूर है। यही बात एक बार फिर ग्वालियर पुलिस ने साबित की और आरौन थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ माह पहले हुए गोली कांड का पर्दा उठाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले सहित तीन आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से घटना में उपयोग किया गया देशी कट्टा तथा चला हुआ कारतूस के खोखे सहित 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने इस साजिश का खुलासा आरोपियों के मोबाइल की कॉल डिटेल से किया। एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 4 फरवरी को नीतेश रावत पुत्र नंदकिशोर रावत 35 वर्ष निवासी ग्राम बन्हेरी ने आरोन पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उस पर हमला कर गोली मारी गई है। नीतेश रावत ने पुलिस को बताया कि उसे उमराव रावत, हरी उर्फ बनिया रावत, नरेश रावत, हैवरन रावत, धनसिंह रावत, रामराजा रावत, हरी सिंह रावत, रणवीर रावत, उदयभान रावत, मर्दन रावत, रन्धौर रावत, रामकिशन रावत निवासीगण ग्राम बन्हेरी ने गोली मारी है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की और जांच में जुट गई। एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था, इसलिए जो फरियादी थे उनके मोबाइल जांचे गए तो कॉल रिकार्ड में बात करते हुए पाए गए कि केस झूठा दर्ज कराया गया है, क्योंकि जिनके नाम गोलीकांड में लिखाए गए हैं उनसे पहले से दुश्मनी चल रही है। निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए यह पूरा षड़यंत्र रचा गया। एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि जब सबूत फरियादी के खिलाफ ही निकले तो उसकी धर-पकड़ के लिए एडिशनल एसपी जयराज कुबेर तथा एसडीओपी घाटीगांव शैलेन्द्र शर्मा को कहा गया। टीम में मोहना टीआई रशीद खान, थाना प्रभारी आरोन अभिनव शर्मा, थाना प्रभारी बेलगढ़ा महेन्द्र कुमार प्रजापति की अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम ने मुखबिरों का जाल फैलाया और रघुवीर सिंह रावत, अजब सिंह रावत तथा नीतेश रावत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 315 बोर का कट्टा, चला हुआ कारतूस तथा 2 जिंदा राउंड बरामद किए हैं। आरोपियों ने बताया कि अजब सिंह रावत ने बताया कि 4 फरवरी को उसने खुद को 315 बोर के कट्टे से कमर में गोली मार ली थी। उसके बाद अजब सिंह, नीतेश रावत, रघुवीर रावत द्वारा षड़यंत्र कर दुश्मनी के चलते दूसरे पक्ष उमराव रावत, हरी उर्फ बनिया रावत, नरेश रावत, हैवरन रावत, धनसिंह रावत, रामराजा रावत, हरी सिंह रावत, रणवीर रावत, उदयभान रावत, मर्दन रावत, रन्धौर रावत, रामकिशन रावत निवासीगण ग्राम बन्हेरी के खिलाफ हत्या का प्रयास की रिपोर्ट लिखाने की योजना बनाई थी। आरोपियों का कहना था कि प्लानिंग कई बार बनाई और उसके बाद अमलीजामा पहनाया, लेकिन बच नहीं सके।

### आज से शुरू होगा जल की बूंद-बूंद सहेजने का अभियान

**ग्वालियर 18 मार्च।** भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) 19 मार्च के शुभ अवसर पर ग्वालियर जिले में भी तीसरा 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' शुरू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिये 30 जून अर्थात 100 दिनों तक अनवरत् रूप से यह अभियान चलेगा। जनता, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों एवं शासकीय विभागों के समन्वय व सक्रिय भागीदारी से यह अभियान चलाया जायेगा। गुड़ी पड़वा पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड मुरार में स्थित पवित्र भदावना धाम परिसर में होगा। साथ ही जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने तालाब, कुएं और बावड़ियों इत्यादि जल संरचनाओं को आधुनिक तकनीक व जनभागीदारी से पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जायेंगे।



# कंश बध मेले को लेकर ग्रामीणों से पुलिस अधीक्षक ने चर्चा की

**रामपुर कलां थाने में जनता से किया संवाद**

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़,18मार्च।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ एवं सबलगढ़ के एसडीओपी राज कृष्णा ने आज रामपुर कलां थाने का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

संवाद के दौरान स्थानीय नागरिकों ने आगामी 31 मार्च को आयोजित होने वाले कंस मेले को लेकर अपनी चिंताएं साझा कीं बताया गया कि मेले में लगभग 50,000 लोगों की भीड़ जुटने की संभावना है जिससे सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम जरूरी हैं

इस पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मेले में जिला स्तर से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और आयोजन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी।

निरीक्षण के दौरान एसपी समीर सौरभ ने यह भी कहा कि वे पहले भी रामपुर थाने आ चुके हैं लेकिन उस समय आम जनता से संवाद नहीं हो पाया था इस बार ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें क्षेत्र की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिली जिससे वे संतुष्ट नजर आए। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


## आम सूचना

श्रीमती मधु रावत पत्नी श्री सुनील के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम कीरतपुरा, प.ह.न.35, तहसील गोहद एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका भिण्ड वार्ड क्र.17 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.79 ग्राम कीरतपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1120 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-भूखण्ड देवेन्द्र गुर्जर, उत्तर में-रास्ता 15 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भूखण्ड राठौर बाबा एवं सुभाष है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री लाखन सिंह, श्री टार्जन सिंह एवं श्री रनवीर सिंह पुत्रगण श्री फतेह सिंह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री लाखन सिंह पुत्र श्री फतेह सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति श्रीमती विध्या बाई पत्नी श्री राकेश सिंह रावत को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.430 दिनांक 04.06.2014 से विक्रय की गई। श्रीमती विध्या बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मधु रावत पत्नी श्री सुनील को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042852024 ए1279061 दिनांक 25.10.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती मधु रावत द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड एसएमई (एसटीएसएल लैप) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**

**नीरज जैन, एडवोकेट**

**कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**

**मो.नं. 98276-72710**